दैनिक यशोभूमि
नया तेवर, नया कलेवर
मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# डब्ल्यूटीसी में कांसुलर कम्युनिटी की बैठक संपन्न

यशोभूमि/प्रतिनिधि

**मुंबई।** अंतरराष्ट्रीय संबंधों और वैश्विक साझेदारियों को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विश्व व्यापार केंद्र मुंबई में कांसुलर कॉर्प्स एसोसिएशन ऑफ मुंबई और ऑनरेरी कांसुलर कॉर्प्स डिप्लोमैटिक के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष कूटनीतिक संध्या का

## वैश्विक सहयोग और संवाद को मिली नई दिशा

आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाराष्ट्र सरकार के प्रोटोकॉल एवं विपणन मंत्री जयकुमार रावल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कूटनीतिक समुदाय के प्रतिनिधि, शासकीय अधिकारी तथा विभिन्न देशों के साझेदार शामिल हुए, जहां आपसी संवाद और सहयोग को नई दिशा देने पर जोर दिया गया। मुख्य अतिथि जयकुमार रावल ने कांसुलर कम्युनिटी की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि यह कम्युनिटी केवल नीतिगत स्तर पर ही नहीं, बल्कि लोगों के बीच संबंधों को सशक्त बनाकर भी अंतरराष्ट्रीय रिश्तों को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार वैश्विक साझेदारियों को बढ़ावा देने के लिए कूटनीतिक कम्युनिटी के साथ मिलकर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है।

स्वीडन के महावाणिज्य दूत और कांसुलर कॉर्प्स एसोसिएशन ऑफ मुंबई के नव-निर्वाचित डीन स्वेन ओस्टबर्ग ने कहा कि वर्तमान समय में कूटनीति अधिक सहयोगात्मक हो गई है। अब यह केवल औपचारिक बैठकों तक सीमित नहीं, बल्कि विचारों के आदान-प्रदान और साझा हितों की खोज पर आधारित है। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच वैश्विक सहयोग के नए अवसर सृजित करते हैं। इस अवसर पर कांसुलर कॉर्प्स एसोसिएशन ऑफ मुंबई के निवर्तमान डीन मार्टिन माइयर के योगदान को भी सराहा गया।




## सेतु का कार्य करती है कांसुलर कम्युनिटी

कार्यक्रम में ऑनरेरी कांसुलर कॉर्प्स डिप्लोमैटिक मुंबई के अध्यक्ष एवं कांसुलर कॉर्प्स एसोसिएशन ऑफ मुंबई के उप-डीन डॉ. विजय कलंत्री ने कहा कि कांसुलर कम्युनिटी केवल प्रतिनिधित्व तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देशों के बीच सेतु का कार्य करती है। व्यापार, संवाद और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के माध्यम से यह समुदाय देशों को करीब लाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि मुंबई आज वैश्विक सहभागिता का एक महत्वपूर्ण केंद्र बनकर उभरा है।